FD-502

M.A. 3rd Semester
Examination, Dec.-Jan., 2021-22

HINDI

Paper - II

भाषा विज्ञान

Time : Three Hours] [*Maximum Marks* : 80

नोट : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

1. ''भाषा विचारों और भावों के आदान प्रदान का माध्यम है।'' इस कथन की तर्कसम्मत विवेचना कीजिए। 15

अथवा

भाषा विज्ञान का स्वरुप स्पष्ट करते हुए उसकी व्यापकता पर प्रकाश डालिए।

2. स्वन विज्ञान के स्वरुप और उसकी शाखाओं का वर्णन कीजिए। 15

अथवा

व्यंजनों के वर्गीकरण का मुख्य आधार क्या है? स्थान के आधार पर व्यंजन ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए।

3. वाक्य विश्लेषण की निकटस्थ अवयव पद्धति का सोदाहरण विवेचना कीजिए। 15

अथवा

रूप विज्ञान क्या है? अर्थदर्शी और संबन्धदर्शी रूपिम का सोदाहरण विश्लेषण कीजिए।

4. अर्थ की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए शब्द और अर्थ के सम्बन्ध पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

अर्थ परिवर्तन की अर्थ विस्तार एवं अर्थ संकोच दशाओं का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

5. निम्नांकित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए : 2×5

(क) भाषा व्यवस्था और भाषा व्यवहार को स्पष्ट कीजिए।

(ख) भाषा की दो विशेषताएँ लिखिए।

(ग) स्वर ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए।

(घ) स्वन गुण का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ङ) मुक्त एवं आबद्ध रूपिम का अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(च) पर्यायता को उदाहरण सहित समझाइए।

(छ) अर्थोपकर्ष की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

(ज) रचना के आधार पर वाक्य के प्रकारों का विश्लेषण कीजिए।

6. निम्नांकित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×10

(क) भाषा की लघुतम इकाई क्या है?

(ख) वाग्यंत्र मानव शरीर के किस अंग में स्थित है?

(ग) किसी शब्द के प्रारंभ में लगाए जाने वाले शब्दांश को क्या कहते हैं?

(घ) कृदन्त किसे कहते हैं?

(ङ) अन्विति से क्या तात्पर्य है?

(च) ध्वनि उच्चारण में सबसे गतिशील अवयव क्या है?

(छ) महाप्राण ध्वनियां कौन सी हैं?

(ज) तिल से उत्पन्न तेल में किस प्रकार का अर्थ परिवर्तन है?

(झ) विलोमता का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ञ) व्यंजन लोप कितने प्रकार के होते हैं?

(ट) 'राम ने रावण को बाण से मारा' वाक्य में कितने अर्थतत्व हैं?

(ठ) भाषा से क्या अभिप्राय है?